वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in

Email:connectpuregistrar@gmail.com

दिनांक: 19/5/26

पत्रांकः 9995 / शैक्षणिक / 2026

कार्यालय–आदेश

मा0 प्रधानमंत्री के ऊर्जा बचत पर संदेश एवं मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्चुवल बैठक दिनांक–14.05.2026 में दिये गये निर्देश के क्रम में मा0 कुलपति जी के द्वारा विश्वविद्यालय की शोध प्रक्रिया को अधिक सुगम, आधुनिक और समयबद्ध बनाने के दृष्टिगत समस्त शोध निर्देशकों/शोध परीक्षकों/अधिकारियों/प्रभारियों एवं कार्मिकों को शोध प्रबन्ध मूल्यांकन एवं शोध मौखिकी के सम्बन्ध में पूर्व से प्रचलित ऑफलाइन व्यवस्था के साथ–साथ ऑनलाइन गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु निम्नलिखित आदेश दिये गये हैः–

1. नामित शोध परीक्षकों से ऑनलाइन शोध प्रबन्ध मूल्यांकन की सहमति प्राप्त की जाय।
2. शोधार्थियों का शोध प्रबन्ध ऑनलाइन प्रेषित किया जाय।
3. शोध परीक्षकों द्वारा शोध मूल्यांकन आख्या ऑनलाइन प्राप्त कर कार्यवाही की जाय।
4. **शोधार्थियों की शोध मौखिकी परीक्षा (Viva-Voce) हेतु नामित बाह्य परीक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति में उनकी शोध मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करायी जाय।**
   अतः सभी सम्बन्धित उक्त से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. **शोधार्थियों की शोध मौखिकी परीक्षा (Viva-Voce) हेतु नामित बाह्य परीक्षक की ऑनलाइन उपस्थिति में उनकी शोध मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराते हुए, बाह्य परीक्षक की ऑनलाइन संस्तुति प्राप्त कर कार्यवाही की जाय।**
6. प्री–पीएच0डी0 कोर्सवर्क की कक्षाएं आफलाइन मोड के साथ आनलाइन मोड में भी सम्पन्न करायी जायें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त निदेशक, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, शोध निर्देशक अनुदानित एवं राजकीय महाविद्यालय सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को उपरोक्तानुसार कार्यवाही हेतु।
2. .परीक्षा नियन्त्रक, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
3. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
4. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5. सहायक कुलसचिव/उप कुलसविच, शैक्षणिक अनुभाग।
6. विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग, को इस आशय से प्रेषित कि माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार समस्त विषयों की आगामी शोध मौखिकी वांछित होने पर उपरोक्तानुसार ऑनलाइन कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को इस आशय से प्रेषित कि माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार जिन शोधार्थियों के शोध प्रबन्ध की साहित्यिक चोरी की जांच (प्लेगरिजम) की जाती है वह शोध प्रबन्ध परीक्षकों को उनके ई–मेल पर प्रेषित किये जाने हेतु जांच किये गये शोध प्रबन्ध की साफ्ट कापी शैक्षणिक अनुभाग के ई–मेल aracademicvbspu@gmail.com पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे संबंधित शोधार्थी का शोध प्रबन्ध नामित परीक्षकों के ई–मेल पर ससमय प्रेषित किया जा सके।
8. समस्त प्रशासनिक अधिकारी।
9. वेबमास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वि0वि0 के बेवसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव